<u>सन्देश</u>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, मैं सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

यह दिवस, समाज, देश एवं विश्व के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका तथा अथक प्रयासों के लिए, उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का अवसर है। साथ ही यह अवसर, उन असाधारण उपलब्धियों को रेखांकित करने का भी है जिनके माध्यम से महिलाओं ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है तथा अपनी कर्मठता, लगन और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है।

आइए, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, हम सब महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प दुहराएं, जिससे कि वे अपनी इच्छानुसार, अपनी आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में निर्बाध रूप से आगे बढ़ती रहें।

******